# उत्तराखण्ड लाईवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड

**पशुधन भवन प्रथम तल, मोथरोवाला रोड,**
**पो0–मोथरोवाला, देहरादून –248001,**
**(GSTIN: 05AABFU8674M1ZK )**
**फोन नं0–0135–2532619**

## ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

**अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, यू0एल0डी0बी0 श्यामपुर, हीफर रियरिंग फार्म, पशुलोक–ऋषिकेश एवं प्रशिक्षण केन्द्र यू0एल0डी0बी0 पशुलोक ऋषिकेश स्थित विभिन्न इकाईयों में सीजनल/आकस्मिक/ कृषि एवं अन्य कार्य करायें जाने (Works) के लिए निविदा का आमंत्रण**

| | | |
|---|---|---|
| **निविदा प्रपत्र कमांक** | **:** | 2537/यू0एल0डी0बी0/स्टोर/श्यामपुर (1/244)/2024–25<br>दिनांक 01 फरवरी, 2025 |
| **निविदा प्रपत्र का क्रय मूल्य** | **:** | ₹ 4720.00 (जीएसटी सहित) |
| **ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://uktenders.gov.in पर निविदा जारी होने की तिथि** | **:** | 02, फरवरी, 2025 |
| **ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने की विधि** | | निविदा प्रपत्र ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://uktenders.gov.in पर आनलाईन उपलब्ध होंगे। निविदादाता का वेबसाईट पर रजिस्टर होना अनिवार्य होगा, जिसकी सेवा निःशुल्क उपलब्ध है। निविदा को आनलाईन जमा करने के लिए निविदादाता के पास Digital Signature Certificate (DSC) होना आवश्यक है। DSC किसी भी सरकार द्वारा अधिकृत संस्था से प्राप्त की जा सकती है, जिसके विषय में जानकारी http://uktenders.gov.in पर उपलब्ध है।<br>निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं यथा निविदा में सुधार, निविदा का निरस्तीकरण इत्यादि http://uktenders.gov.in से आन लाईन प्राप्त की जा सकती है।<br>निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं ₹100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर घोषणा पत्र यू.एल.डी.बी. पशुधन भवन, प्रथम तल, मोथरोवाला, देहरादून में निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व रजिस्टर्ड पोस्ट/कुरियर/स्वयं जमा कराना अनिवार्य होगा। यू.एल.डी.बी. द्वारा ई– प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर प्राप्त निविदाओं में से उन्हीं निविदाओं को खोला जायेगा, जिनके निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं ₹100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर घोषणा पत्र यू.एल.डी.बी. कार्यालय को निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त होंगे।<br>निविदा प्रपत्र में वांछित समस्त अभिलेखों को स्केन करके ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर आन लाईन जमा करना अनिवार्य है। निविदा में कोट की गई दरें बिल आफ क्वान्टिटी (BOQ) में भर कर ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर आन लाईन जमा करना अनिवार्य है।<br>निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं ₹100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर घोषणा पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई भी वांछित अभिलेख आफ लाईन स्वीकार नहीं होंगे। |
| **प्री बिड का दिनांक, समय एव स्थान** | | 10 फरवरी, 2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे, उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड पशुधन भवन, प्रथम तल, मोथरोवाला, देहरादून –248001 |
| **ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय** | **:** | 15 फरवरी 2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे |
| **ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय** | **:** | 15 फरवरी 2025 पूर्वाह्न 11.30 बजे |
| **निविदाओं को खोले जाने का स्थान** | | उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड पशुधन भवन, प्रथम तल, मोथरोवाला, देहरादून –248001 |

**मुख्य अधिशासी अधिकारी,**
उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड

# उत्तराखण्ड लाईवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड

**पशुधन भवन, प्रथम तल, मोथरोवाला, देहरादून –248001**

**(GSTIN: 05AABFU8674M1ZK; टेलीफैक्स : (0135) 2532619**

**महोदय,**

1.आपसे निम्नानुसार अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, यू0एल0डी0बी0 श्यामपुर, हीफर रियरिंग फार्म, पशुलोक–ऋषिकेश एवं प्रशिक्षण केन्द्र यू0एल0डी0बी0 पशुलोक ऋषिकेश स्थित विभिन्न इकाईयों में श्रमिकों से सीजनल/आकस्मिक/कृषि/अन्य कार्य करायें जाने (Works) के लिए निविदा आमंत्रित की जाती हैः

1. **अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, यू0एल0डी0बी0 श्यामपुर–ऋषिकेश।**
2. **हीफर रियरिंग फार्म, पशुलोक–ऋषिकेश**
3. **प्रशिक्षण केन्द्र यू0एल0डी0बी0 पशुलोक ऋषिकेश**

- उक्त फार्म एवं प्रशिक्षण केन्द्र में साफ–सफाई, पशुपालन एवं कृषि अनुभाग से सम्बन्धित समस्त कार्य तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारी के निर्देशों का पालन करना।
- उपरोक्त समस्त कार्य प्रतिदिन समयबद्ध तरीके से सम्पादित किया जाना आवश्यक है। उक्त कार्यो के सम्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अकुशल श्रमिकों (जिसमें दुग्ध दुहान हेतु श्रमिक की आवश्यकता होगी) को प्रतिदिन उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।
- कार्यो का सत्यापन प्रतिदिन किया जायेगा।
- प्रतिदिन सम्पादित होने वाले कार्य प्रशिक्षण केन्द्र तथा फार्मो के प्रभारियों के निर्देशानुसार किये जायेंगे।

**कार्यो की विस्तृत जानकारी उक्त दिये गये प्रशिक्षण केन्द्र एवं फार्मो के कार्यालयों से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।**

## विस्तृत विवरणः–

### फार्म से सम्बन्धित कार्य

1. डेरी अनुभाग में स्थित समस्त शैडों में गौ वंशीय पशुओं का रखरखाव ।
2. दिन में चैफ कटर मशीन पर उपलब्ध चारा काट कर पशुओं की चरही में आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराना एवं चरही में शेष बचे व्यर्थ चारें की प्रतिदिन सफाई करना और दिनभर में पशुओं को आवश्यकतानुसार पशुआहार एवं भूसा/फीड ब्लाक, को उपलब्ध करवाना।
3. सुबह एवं सांय को दुग्ध दुहान के समय दूध पीने वाले बच्चों को दूध पिलाने हेतु लाना एवं वापिस ले जाने की व्यवस्था करना।
4. समस्त पशुओं को चरही से पानी पिलवाना, पानी की चरही में पानी सुनिश्चित करना एवं नियमित रूप से समस्त पानी की चरही की सफाई करना।
5. डेरी परिसर में समस्त नालियों की नियमित सफाई एवं उक्त पशुओं के रहने के स्थान पर दिन में दो बार प्रातः में एवं सांय से पूर्व समस्त शैडों के अन्दर एवं बाहर से सम्पूर्ण गोबर उठाकर ट्राली में भरने के उपरान्त शैडों की समुचित धुलाई/सफाई करना।
6. परिसर में प्रतिदिन सम्पूर्ण गोबर की सफाई कर ट्रैक्टर ट्रॉली में डालना एवं ट्रॉली को नियत स्थान पर खाली करना।
7. खेत में खाद फैलाना, गोबर गैस में गोबर डालना तथा सलैरी पिट को खाला करना।
8. पशुओं को प्रतिदिन नहलाना/खरहरा करना।
9. आवश्यकतानुसार उपचार, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, भ्रूण प्रत्यारोपण के कार्यो एवं अन्य कार्यों में सहायता करवाना तथा पशुओं को तौलना।
10. आवश्यकता पड़ने पर पशुओं को बाड़े से गाड़ी में लोड करवाना।
11. प्रतिदिन पशुओं को नहलाना, मौसमानुसार/आवश्यकतानुसार रखरखाव की सामान्य व्यवस्था करना एवं दुहान उपरान्त दूध के बर्तनों की सुबह एवं शाम को सफाई।
12. फार्म के कार्यालय, आगंतुक कक्ष, लैब एवं डेरी परिसर की प्रतिदिन नियमित रूप से समुचित साफ–सफाई, डेरी परिसर कार्यालय एवं लैब में समस्त टॉयलेट, बाथरूम की प्रतिदिन सफाई करवाना।
13. डेरी अनुभाग परिसर की 24 घंटे देखभाल की व्यवस्था करनी होगी।
14. परिसर की घास की कटाई करना तथा खेत की घास कटाई करके ट्रॉली में ले जाकर चैफ कटर में

डालना ।

15. परिसर में लगे पेड़–पौधौं में पानी डालना एवं रख–रखाव करना (माली का कार्य)।
16. समस्त कृषि कार्य जैसे कि बुआई, मेड बनाई, पानी डालना इत्यादि कार्यों को किया जाना।
17. रात के समय एक/दो श्रमिक परिसर में रात्रि रक्षक (Night Guard) रखना होगा जिसे कि रात्रि में परिसर के ध्यान के साथ–साथ समस्त शैडों में पशुओं का ध्यान रखना होगा। इसके साथ ही यदि रात्रि में पशु अस्वस्थ होता है या ब्याता है तो उसकी सूचना फार्म प्रभारी को तत्काल दी जानी होगी तथा उस समय उपचार करते हुये पशु को पकड़ना तथा उपचार के उपरान्त उस स्थान की साफ–सफाई करना सुनिश्चत किया जायेगा।
18. फार्मो पर ट्रैक्टर आपरेटर/चालक का कार्य भी सम्पादित किये जाने है।
19. प्रतिदिन सम्पादित होने वाले कार्य फार्मो के प्रभारी के निर्देशानुसार किये जायेंगे।
20. नैपियर घास की जड़ खोदना, गाड़ी भरना तथा नैपियर का रोपण करना।
21. उपरोक्त समस्त कार्य प्रतिदिन समयबद्ध तरीके से सम्पादित किया जाना आवश्यक है। उक्त कार्यो के सम्पादन हेतु (अ) अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, श्यामपुर–ऋषिकेश के लिए 30–40 (ब) हीफर रियरिंग फार्म पशुलोक–ऋषिकेश के लिए 25–30 तथा (स) यू0एल0डी0बी0 प्रशिक्षण केन्द्र, पशुलोक–ऋषिकेश के लिए 3–5, स्वस्थ श्रमिकों (जिसमें से कुछ श्रमिकों की दुहान हेतु आवश्यकता होगी) को प्रतिदिन उपलब्ध कराना आवश्यक होगा, जिसमें से 70 प्रतिशत पुरूष होना आवश्यक है।
22. समस्त कृषि कार्य जैसे झाडी काटना, सिलाई करना, गोबर के खानो से गोबर भरकर खेतो में फैसला, चारा कटाई एवं चारा बैंक की साफ–सफाई इत्यादि।
23. सफल निविदादाता द्वारा कार्य से सम्बन्धित बिल प्रत्येक फार्मो/प्रशिक्षण केन्द्र के इकाई प्रभारियों से बिल सत्यापित कराने के उपरान्त ही बिल भुगतान हेतु यू0एल0डी0बी0 कार्यालय को प्रेषित किये जायेगें।

**प्रशिक्षण केन्द्र से सम्बन्धित कार्य**

1. प्रशिक्षण केन्द्र के कार्यालय, आगंतुक कक्ष, की प्रतिदिन नियमित रूप से समुचित साफ–सफाई, समस्त टॉयलेट, बाथरूम की प्रतिदिन सफाई करवाना।
2. परिरसर की घास की कटाई करना ।
3. परिसर में लगे पेड़–पौधौं में पानी डालना एवं रख–रखाव करना (माली का कार्य)।
4. रात के समय दो श्रमिकों को परिसर में चौकीदारी (Night Guard) करनी होगी।
5. प्रतिदिन सम्पादित होने वाले कार्य फार्मो के प्रभारी के निर्देशानुसार किये जायेंगे।

**नोट– * उपरोक्त कार्य हेतु निविदा में प्रस्तुत की गयी दरों में समस्त कर (टैक्स), शुल्क, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 एवं अन्य आकस्मिक व्यय वर्तमान में लागू/प्रचलित नियमों के अनुसार सम्मिलित करने होंगे तथा ध्यान रहे कि वित्तीय निविदा को भरते समय बिल आफ क्वान्टिटी (BOQ) में दिये गये कालमों के अनुरूप ही भरी जाय। बिल आफ क्वान्टिटी (BOQ) के अनुरूप नहीं भरी गये निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।**

1. अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, यू0एल0डी0बी0 श्यामपुर, हीफर रियरिंग फार्म, पशुलोक–ऋषिकेश एवं प्रशिक्षण केन्द्र यू0एल0डी0बी0 पशुलोक ऋषिकेश में स्थित विभिन्न इकाईयों में श्रमिकों से सीजनल/आकस्मिक/कृषि/अन्य कार्य करायें जाने के लिए दरें **https: //uktenders.gov.in** में उपलब्ध **बिल आफ क्वान्टिटी (BOQ)** में भर कर Online जमा किया जाय।
2. अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, यू0एल0डी0बी0 श्यामपुर, हीफर रियरिंग फार्म, पशुलोक–ऋषिकेश एवं प्रशिक्षण केन्द्र यू0एल0डी0बी0 पशुलोक ऋषिकेश स्थित विभिन्न इकाईयों में सीजनल/आकस्मिक/ कृषि/ अन्य कार्य हेतु श्रमिकों की आपूर्ति के लिए प्रस्तुत निविदा के साथ धरोहर धनराशि ₹2,10,000.00 (₹ दो लाख दस हजार मात्र) का किसी भी राष्ट्रीयकृत/सहकारी/पंजीकृत बैंक का **यू0एल0डी0बी0** के नाम **देहरादून** में देय/बंधक डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। एफ.डी.आर. की वैधता निविदाओं की वैधता अवधि से 90 दिन अधिक होनी आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://uktenders.gov.in पर प्राप्त निविदा पर विचार नही किया जाएगा।
3. निविदाओं की वैद्यता अवधि 60 दिनों की होनी आवश्यक है।
4. निविदा प्रपत्र का क्रय मूल्य ₹4720.00 जीएसटी सहित होगा जो किसी भी दशा में वापस नही होगा।

5. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं ₹100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर घोषणा पत्र यू.एल.डी.बी. कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व जमा कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदादाता द्वारा कोट की गयी दरें सम्पूर्ण अनुबन्ध अवधि के लिए वैध होगी तथा अनुबन्ध अवधि के दौरान दरों में किसी प्रकार का परिवर्तन, परिमार्जन अथवा संशोधन मान्य नहीं होगा।
7. बिल आफ क्वान्टिटी (BOQ) में अंकित दर, केवल भारतीय रूपये में होनी चाहिए।
8. **समस्त निविदादाताओं को निविदा में वर्णित समस्त कार्यो को सम्पादित करने में प्रतिदिन होने वाले व्यय की दर को बिल आफ क्वान्टिटी (BOQ) में निर्धारित कॉलम कें अंकित किया जाना (भरा जाना) है। किसी भी दशा में उपरोक्त वर्णित कार्यो के सम्पादन हेतु प्रति श्रमिक अंकित दरें मान्य नहीं होंगी। किसी भी दशा में निविदा में प्रति श्रमिक अंकित दरें भरने पर विचार नहीं किया जायेगा।**
9. अन्य नियम एवं शर्ते, संलग्नक– 1 पर दी गई है।
10. **निविदाओं का मूल्यांकनः** निविदाओं का मूल्यांकन में न्यूनतम कुल दर (Total Amount वाले कॉलम) में प्रस्तुत करने वाली निविदा को क्रयादेश हेतु स्वीकृत किया जायेगा।
11. **क्रयादेशः** न्यूनतम दर कोट करने वाले सम्बन्धित निविदादाता को यू0एल0डी0बी0 के साथ ₹100.00 के नांन जूडिशियल 'स्टाम्प पेपर' पर द्विपक्षीय अनुबन्ध एवं कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि के रूप में कार्यादेश का 6 प्रतिशत धनराशि का किसी भी राष्ट्रीयकृत/सहकारी/पंजीकृत बैंक का यू0एल0डी0बी0 के नाम देहरादून में देय/बंधक एफ.डी.आर./बैंक गारन्टी निविदा स्वीकृत होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। यदि कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि एफ.डी.आर. के रूप में जमा की जाती है तो उसकी वैधता अनुबन्ध की अवधि से 60 दिन अधिक होनी आवश्यक है। इससे सम्बन्धित आदेश की प्राप्ति के दो सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध एवं कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि जमा न करने पर स्वीकृत निविदा स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी और इस स्थिति में सम्बन्धित निविदादाता द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि यू0एल0डी0बी0 द्वारा जब्त कर ली जायेगी।
12. यू0एल0डी0बी0 निविदा की वैधता अवधि समाप्त होने से पूर्व उसी निविदादाता को क्रयादेश प्रेषित करेगा, जिसकी निविदा समस्त शर्तो एवं नियमों को पूर्ण करती है एवं जिसके द्वारा न्यूनतम दर दी गयी हो।
13. उपलब्ध कार्मिकों की जोखिम का उत्तरदायित्व निविदादाता को होगा।

**संलग्नक : 1. निविदा की शर्तें एवं नियम**
**2. घोषणा पत्र**

**मुख्य अधिशासी अधिकारी,**
उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड

# निविदा की शर्तें एवं नियम

1. यू.एल.डी.बी. द्वारा ई– प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **https: //uktenders.gov.in** पर प्राप्त निविदाओं में से उन्हीं निविदाओं को खोला जायेगा, जिनके निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं ₹100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर घोषणा पत्र यू.एल.डी.बी. कार्यालय को निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त होंगे।
2. निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं ₹100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर, PAN Card, GST, एवं निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि तक श्रम विभाग में पंजीकरण, ईपीएफ एवं ईएसआई पंजीकरण का वैध प्रमाण पत्र एवं निविदा प्रपत्र में वांछित समस्त अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि स्केन करके ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर आन लाईन जमा करना अनिवार्य है। निविदा में कोट की गई दरें बिल आफ क्वान्टिटी (BOQ) में भर कर ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर आन लाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं ₹100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर घोषणा पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई भी वांछित अभिलेख आफ लाईन स्वीकार नहीं होंगे।
4. निविदा के साथ श्रम विभाग में पंजीकरण, ईपीएफ एवं ईएसआई पंजीकरण का वैध प्रमाण पत्र जमा किया जाना आवश्यक है। निवदि के साथ उपरोक्तानुसार वैध प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किये जाने पर निविदा का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
5. कार्यावधि समाप्त होने के पश्चात् कार्यपूर्ति प्रतिभूति (Performance Security) नियमानुसार वापस कर दी जायेगी।
6. किसी भी दशा में निविदा प्रपत्र का मूल्य वापस नही किया जायेगा। यदि किसी कारण से निर्धारित तिथि एवं समय पर निविदाएं नही खोली गयी तो नयी निर्धारित तिथि एवं समय पर निविदा को निविदादाता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि तथा क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।
7. श्रमिकों की मांग की सूचना द्वितीय पक्ष को 01 दिन पूर्व दी जायेगी तथा निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
8. उपलब्ध कराये गये श्रमिकों द्वारा किया गया कार्य असंतोषजनक होने पर सम्बन्धित कार्य को अन्य स्रोतो से सम्पन्न कराया जायेगा जिस पर होने वाले अतिरिक्त व्यय का भुगतान द्वितीय पक्ष द्वारा प्रस्तुत मासिक बिल से की जायेगी।
9. सफल निविदादाता प्रतिदिन प्रातः 08 बजे हाजरी पर उपलब्ध होगा तथा बोर्ड प्रतिनिधि से आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर श्रमिकों से निर्धारित कार्यो को कराना सुनिश्चित करायेगें।
10. यू0एल0डी0बी0 द्वारा मांग के अनुसार समय पर वांछित दैनिक श्रमिक उपलब्ध नही कराने की दशा में कार्य की आवश्यकतानुसार बोर्ड द्वारा श्रमिको की व्यवस्था स्वंय की जायेगी। ऐसी दशा में सफल निविदादाता द्वारा कोट की गयी दरों तथा स्थानीय श्रमिक को भुगतान की गयी वास्तिविक धनराशि के अन्तर की कटौती सफल निविदादाता के बिलो से कि जायेगी। जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सफल निविदादाता का होगा।
11. अनुबन्ध एक वर्ष की अवधि के लिये किया जायेगा, जिसे कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर दोनो पक्षों की आपसी सहमति से आगे भी बढाया जा सकता है।
12. कार्य सम्पादन हेतु उपलब्ध करायी गयी समस्त वस्तुओं की सुरक्षा का दायित्व सफल निविदादाता का होगा। इनके खोने अथवा नुकसान होने की दशा में सफल निविदादाता को इनके पुस्तकीय मूल्य का भुगतान यू.एल.डी.बी. को करना होगा।
13. यू.एल.डी.बी. द्वारा स्वीकृत दरों के अनुसार प्रस्तुत बिल पर उस समय लागु दरों के अनुरूप स्रोत पर आयकर की कटोती नियमानुसार की जायेगी।
14. सफल निविदादाता समस्त श्रम कानूनों जैसे ईपीएफ–एक्ट, ईएसआई व न्यूनतम मजदूरी एक्ट आदि को लागू करने के लिए उत्तरदायी होगा।
15. सफल निविदादाता द्वारा उसके माध्यम से कार्य करने वाले श्रमिकों का उचित बीमा करवाया जाना आवश्यक होगा।
16. किसी भी दशा में निविदा प्रपत्र का मूल्य वापस नही किया जायेगा। यदि किसी कारण से निर्धारित तिथि एवं समय पर निविदाएं नही खोली गयी तो नयी निर्धारित तिथि एवं समय पर निविदा को निविदादाता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि तथा क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।
17. श्रमिकों की मांग की सूचना सफल निविदादाता को 01 दिन पूर्व दी जायेगी तथा निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

18. निविदा में रखे जाने वाले श्रमिक विभिन्न श्रेणी (Semi-skilled/Unskilled) के आधार पर है अतः सफल निविदादाता को श्रेणी के आधार पर श्रमिकों को भुगतान किया जायेगा।
19. उपलब्ध कराये गये श्रमिकों द्वारा किया गया कार्य असंतोषजनक होने पर सम्बन्धित कार्य को अन्य स्रोतो से सम्पन्न कराया जायेगा जिस पर होने वाले अतिरिक्त व्यय का भुगतान सफल निविदादाता द्वारा प्रस्तुत मासिक बिल से की जायेगी।
20. सफल निविदादाता प्रतिदिन प्रातः 08 बजे हाजरी पर उपलब्ध होगा तथा बोर्ड प्रतिनिधि से आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर श्रमिकों से निर्धारित कार्यो को कराना सुनिश्चित करायेगें।
21. यू.एल.डी.बी. द्वारा स्वीकृत दरों के अनुसार प्रस्तुत बिल पर उस समय लागू दरों के अनुरूप स्रोत पर आयकर की कटोती नियमानुसार की जायेगी।
22. सफल निविदादाता समस्त श्रम कानूनों का अनुपालन करना आवश्यक होगा एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा स्वीकृति न्यूनतम मजदूरी उपलब्ध कराये गये अकुशल श्रमिकों को देनी आवश्यक होगी।
23. सफल निविदादाता द्वारा जो भी श्रमिक कार्य पर लगाये जायेगें, उनकी आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए।
24. सफल निविदादाता द्वारा कार्य पर लगाये गये श्रमिकों को किसी भी दशा में फार्म परिसर में आवासीय सुविधा उपलब्ध नहीं करायी जायेगी।
25. **निविदादाताओं की शर्तो के आधार पर प्रस्तुत निविदादाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा उपलध करायी गयी दरें निविदा में दिये गये बिल आफ क्वान्टिटी (BOQ) की स्थिति में उस निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।**
26. सफल निविदादाता द्वारा यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि उसके द्वारा कार्य पर लगाये गये श्रमिक कार्य के दौरान मदिरापान इत्यादि नहीं करेंगे।
27. सफल निविदादाता द्वारा किसी कारणवश अनुबन्ध छोड़ने की स्थिति में या श्रमिक उपलब्ध न कराने की स्थिति में, उनके द्वारा जमा करायी गयी कार्यपूर्ति प्रतिभूति राशि यू.एल.डी.बी. द्वारा जब्त कर ली जायेगी।
28. बिलों का भुगतान बिलों की प्राप्ति के 15 दिनों के अन्दर मासिक रूप से किया जाएगा। नियमानुसार बिलों में से देय योग्य टैक्स की कटौती की जाएगी।
29. निविदादाता की शर्तो के आधार पर प्रस्तुत निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा।
30. सभी प्रकार की धनराशियां जैसे निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर राशि अथवा कार्यपूर्ति प्रतिभूति राशि नकद नही स्वीकार्य होगी।
31. आपूर्तिकर्ता द्वारा अपनी आयकर विवरणी संस्था द्वारा मांग करने अथवा आवश्यकता पड़ने पर प्रस्तुत करनी होगी।
32. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अध्यक्ष, उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड का निर्णय सर्व मान्य होगा।
33. अनुबन्ध की व्याख्या भारतीय कानूनों के अधीन की जायेगी एवं वाद निस्तारण का कार्यक्षेत्र देहरादून न्यायालय होगा।
34. मुख्य अधिशासी अधिकारी, यू0एल0डी0बी0, देहरादून के पास बिना कोई कारण बताये, निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने तथा निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मुख्य अधिशासी अधिकारी,**
उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड

# घोषणा पत्र

(₹100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर भरा जाय)

सेवा में,

मुख्य अधिशासी अधिकारी,
उत्तराखण्ड लाईवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड,
पशुधन भवन, प्रथम तल, मोथरोवाला, देहरादून।

1 मैं ..........................................................................................................यू0एल0डी0बी0, देहरादून द्वारा आमंत्रित निविदा प्रपत्र क्रमांक 2537 / यू0एल0डी0बी0 / स्टोर / श्यामपुर(1 / 244) / 2024–25 दिनांक 01.02.2025 के निर्धारित संलग्नक –1 में दी गई निविदा की समस्त शर्तों एवं प्रतिबन्धों को स्वीकार करता हूँ। उपरोक्त किसी भी नियम के उल्लंघन होने पर यू0एल0डी0बी0 द्वारा लिया गया निर्णय मुझे मान्य होगा।

2 मैं ............................................................................................ पुत्र ..............................................................................
निवासी ..........................................................................................................................................................
..घोषणा करता हूँ, कि मैंने निविदा की सभी शर्तें पढ़ ली हैं, जो मुझे मंजूर हैं। मैं यू0एल0डी0बी0, देहरादून द्वारा आमंत्रित निविदा के अनुसार अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, श्यामपुर–ऋषिकेश, हीफर रियरिंग फार्म, पशुलोक–ऋषिकेश एवं यू0एल0डी0बी0 प्रशिक्षण केन्द्र, पशुलोक–ऋषिकेश से सम्बन्धित कार्यो को कराये जाने के लिए सहमत हूँ।

निविदादाता का नामः

निविदादाता का पूरा पताः

दिनांक :

पेन नं0 (PAN):
छायाप्रति संलग्न

GST No.:
छायाप्रति संलग्न

Labour Reg. No.:
छायाप्रति संलग्न

ESI Reg. No.:
छायाप्रति संलग्न

EPF Reg. No.:
छायाप्रति संलग्न

**हस्ताक्षर निविदादाता**